मोदी के मन की बात सुनी

चाकसू (निस) यहां पंचायत समिति चाकसू के सभागार में विधायक रामावतार बैरवा के साथ उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा, प्रधान उगंता देवी, कृषि मंडी चाकसू के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष श्रवणलाल गुर्जर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन कुमावत मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों पार्षदों, क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों ने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद जारी पहला एपिसोड मन की बात का सीधा प्रसारण सुना।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस कार्यक्रम में राजस्थान के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत को भागीदारी निभानी थी लेकिन कारणवश उनका आना नहीं होने से कार्यकर्ताओं में निराशा अवश्य देखी गई। विधायक बैरवा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नए आयाम स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी का यह कार्यक्रम आमजन से सीधा संवाद का माध्यम है। पीएम मोदी ने हर वर्ग के विकास व उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर पंचायत समिति परिसर में एक पेड़ - मां के नाम थीम पर विधायक ने वृक्षारोपण किया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को भी मां के नाम पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया।

पारली गांव में श्मशान घाट के रास्ते पर मिला अधेड़ का शव

परिजनों ने कराया हत्या का मामला दर्ज, एक संदिग्ध को पुलिस ने किया डिटेन

मालपुरा (निस) पचेवर थाना क्षैत्र के पारली गांव मे श्मशान की और जाने वाले रास्ते पर रविवार को सडक किनारे मिला अधेड का खुन मे सना हुआ शव। परिजनो ने हत्या का मामला दर्ज करवाया।

मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र मे बढती आपराधिक घटनाओं मे रविवार को एक और शव मिलने की घटना शामिल होने से क्षैत्र मे फैली सनसनी। रविवार की सवेरे शौच के लिये जंगल मे निकले ग्रामीणो ने श्मशान की और जाने वाले रास्ते पर एक अधेड का खुन से लतपत शव देखा तो गांव मे कोहराम मच गया। ग्रामीणो की सुचना पर घटना स्थल पर पहुंची पचेवर थाना पुलिस ने शव को कब्जे मे ले मौके पर एमआईओयू व जिला मुख्यालय से एफएसएल टीम बुला घटनास्थल से 100 मिटर के दायरे मे गहन जांच पडताल कर साक्ष्य जुटाये। जांच के दौरान मौके पर जमा हुई ग्रामीणो की भीड ने मृतक की पहचान बजरंग लाल नायक निवासी पारली के रूप मे की गई। पुलिस सुरक्षा मे शव को मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया। बजरंग लाल की कनपट्टी पर नुकीली वस्तु से वार करने जैसे निशान मिलने तथा कपडे खुन मे लतपत होने सहित शव के पास मिले टेस्टर पेचकस सहित अन्य पहलूओं के आधार पर बजरंग लाल की हत्या कर शव फैंक जाने का अंदेशा जत्ता हत्या का मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर परिजनो की मौजूदगी मे मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनो को सौंपा। डॉ. श्याम सुन्दर बैरवा, डॉ. उमेश शर्मा व डॉ. राजेन्द्र चंदेल तीन चिकित्सको को बोर्ड ने पोस्टमार्टम कर जांच के लिये विश्रा ले सीलबद्ध कर पुलिस को सौंपा। परिजनो से मिली जानकारी मे सामने आया कि मृतक बजरंग लाल जो कि शनिवार की देर शाम को गांव के ही अपने किसी परिचित के साथ मोटरसाईकिल से निकला था। देर रात तक घर नही लौटा। रविवार की सवेरे श्मशान घाट के रास्ते पर खुन मे लतपत बजरंग लाल का शव मिला। पुलिस को परिजनो की और से ली रिपोर्ट जताई आशंका के आधार पर पुलिस ने एक जने को पूछताछ के लिये डिटेन किया है।

पारली गांव में सड़क किनारे मिले खुन से सने शव का पुलिस ने पंचनामा तैयार किया ।

- **एफ.एस.एल. टीम बुला घटनास्थल से 100 मिटर के दायरे में जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाये**

सार-समाचार

बरसात के लिए पूजन

बौंली-बामनवास । पूरे प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बाद भी बौंली उपखंड मुख्यालय पर मात्र 17 एमएम वर्षा ही होने से चिंतित किसानों ने अच्छी वर्षा की कामनाओं को लेकर लोक देवताओं का गाजे-बाजे के साथ रविवार को पूजन किया। बौंली नगर के सभी समाज के कृषकों ने रविवार को एकत्रित होकर खौला के भेंरुजी, खूंट वाले भेंरुजी, धर्मदास बावड़ी वाले भोमिया जी, घास भैरू, हीरामन जी, देलवाल जी, कंकाली माता आजाद चौक एवं जौराठिया दास बाबा की बावड़ी बालाजी सहित अनेको लोक देवताओं की प्रतिमाओं पर चोला, सिंदूर व घी, तेल सहित भोग लगाकर पूजन किया। पूजन के समय किसानों ने गाजे,बाजे के साथ भजन कीर्तन कर लोक देवताओं से अच्छी वर्षा के लिए अरदास की।

सैनी का आकस्मिक निधन

राजगढ़ । कस्बे में मैकेनिक वर्कर्स यूनियन से जुड़े इलेक्ट्रीशियन लल्लू राम सैनी का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। वो करीब 65 वर्ष के थे। सैनी के निधन पर ईस्ट मित्रों सहित समाजसेवी लोगों ने शोक व्यक्त किया। उनके निधन से शोक में मैकेनिक यूनियन से जुडे प्रतिष्ठान बंद रख शोक जताया।। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के अलावा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सांभर में मन की बात सुनी

सांभरझील। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने तीसरे कार्यकाल के बाद फिर से मन की बात कार्यक्रम के जरिए अपनी मन की बात रखी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम का दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण सुना। मन की बात सुनकर भाजपा कार्यकर्ता अभिभूत व प्रेरित हुए। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अनिल गट्टानी, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पार्षद प्रेमचंद माली, युवा मोर्चा महामंत्री राजेश चंदेल, पूर्व मंडल महामंत्री नंदकिशोर कुमावत की मौजूदगी रही।

बाबूलाल अध्यक्ष बने

सांगानेर(निस)। फूलमाली (सैनी) समाज धर्मशाला सांगानेर मैं समाज की मीटिंग आयोजित की गई मीटिंग में सांगानेर क्षेत्र के माली समाज बंधु मौजूद रहे। समाज उत्थान और विकास हेतु रविवार को भव्य आमसभा की मिटिंग पांचू राम सुईवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।

मंत्री ने वृद्धजनों से पौधारोपण करा सम्मान किया

अलवर । वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज सोनवा डूंगरी स्थित सार्वजनिक पार्क में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नई पहल करते हुए क्षेत्रा के वरिष्ठ नागरिकों पौधरोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण व वृद्धजनों के सम्मान का संदेश दिया।

मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर्यावरण संरक्षण हेतु 'एक पेड मां के नाम' अभियान संचालित किया है जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड अपनी मां की सेवा मानकर लगाना चाहिए तथा उसका संरक्षण कर पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना अहम योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पेड हमें जीवनदायनी वायु प्रदान करते हैं उसी प्रकार हमारा भी नैतिक दायित्व बनता है कि हम पेड लगाए और उसकी सार-संभाल करें। उन्होंने कहा कि पेड लगाना जितना पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है उतना ही मानव के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने आमजन से आ ाहन किया कि जिले के प्रत्येक व्यक्ति न केवल मां के नाम का पेड लगाए बल्कि उसकी सार संभाल भी करें तथा अपने आसपास के व्यक्तियों को भी पेड लगाने हेतु प्रेरित करें।

मंत्री संजय शर्मा ने सार्वजनिक पार्क में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान शुरु किया।

शिविर में 96 मरीज लाभान्वित

श्रीमाधोपुर। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा आयोजित 434 वे नि:शुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक शिविर स्व चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में लगाया गया। क्लब के गिरिराज कयाल के अनुसार शिविर में 96 मरीजों ने लाभ प्राप्त के किया। बताया गया है कि क्लब द्वारा अब तक 433 पाक्षिक शिविर आयोजित किया जिनमे 47 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ प्राप्त किया है। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की और से इस तरह के कैंप हर माह के दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है। इनमे डॉ. एस. एल. चौधरी द्वारा चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, एलर्जी, माइठोन, फंगल इनफेंक्शन एवं अन्य कई रोगों से ठासित मरीजो को नि:शुल्क परामर्श दिया जाता है तथा क्लब कि ओर से 14 दिनों की दवाइयां नि:शुल्क दी जाती है।

वृक्षारोपण महाभियान में 1000 पौधे लगाए जायेंगे

शाहपुरा । शाहपुरा क्षेत्र को हरा भरा बनाने को लेकर खोरी परमानंद धाम के संत हरि ओम दास जी महाराज की और से चलाए जा रहे वृक्षारोपण महाअभियान का आगाज रविवार को गौशाला में विधिवत पूजा अर्चना के साथ बड का पौधा लगाकर किया गया।

महाअभियान में खोरी, शाहपुरा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों व प्रकृति मित्र मंडल के सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण चेतना का संदेश दिया। लोगों ने पौधे लगाने के साथ ही उन्हें संजोने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर हरिओम दास जी महाराज ने कहा कि सदियों से ही इंसान का प्रकृति से अटूट संबंध रहा है। लेकिन वर्तमान में लोगो द्वारा अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए निरंतर पेड़ों की कटाई की जा रही है। जिससे अटूट संबंध का सुरक्षा चक्र टूटता जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण महा अभियान की पहल की शुरुआत की गई है। महाराज श्री ने बताया कि महा अभियान के आंध्र प्रदेश से हमारी सेहत की रक्षा करने वाले बड़,पीपल,नीम व गूलर आदि छायादार पौधे मंगाए गए हैं। जिनकी लंबाई 11से 15 फिट के मध्य है।विधायक मनीष यादव ने कहा कि महाराज श्री ने समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागृति लाने की अभूतपूर्व पहल शुरू की है। इस महाअभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी हम सब की है। प्रधान मंजू शर्मा प्रकृति व पर्यावरण का संरक्षण हम सब का कर्तव्य है। कांठोस प्रदेश सचिव प्रवीण व्यास ने कहा कि प्रकृति के सामंजस्य बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। मोक्षधाम विकास समिति अध्यक्ष नाथूलाल सैनी व गौशाला समिति अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सोनी ने भी पेड़ पौधों को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताया।

वृक्षारोपण महा अभियान के तहत 1000 पौधे लगाकर समूचे शाहपुरा को हरा भरा बनाने का लक्ष्य है। प्रथम चरण के तहत खोरी परमानंद धाम गौशाला से शेरपुरा स्कूल व बिशनगढ़ रोड तक 100 पौधे लगाकर शुरुआत की गई है। दूसरे चरण में लक्ष्मी नगर रोड से ट्रांसपोर्ट नगर तक व तीसरे चरण में खोरी रोड से शाहपुरा क्षेत्र को भी शामिल किया जाएगा। जिनकी सुरक्षा के लिए सीमेंट के जाल तैयार किया जा रहे हैं। लेकिन बारिश के चलते इनके बनने में थोड़ी देरी हो रही है।

विधायक ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

पावटा। रविवार 23 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड द्वारा ब्लॉक मुय चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मीणा की मौजूदगी मे ० से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई।

इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने ब्लॉक विराटनगर की जनता से अपने ० से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो दवा पिलाने की अपील करते हुए उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाए रखने में अपना योगदान प्रदान करने की अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा लगातार अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य किये जा रहे हैं। आज राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के माध्यम से पोलियो बीमारी से बचने के लिए पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। हमारे जिले में माताओं और बहनों ने भी जागरूकता का परिचय दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अमले ने भी बढ-चढकर सभी को इस अभियान से जोडने का प्रयास किया है और आज इसके सुखद परिणाम हमारे सामने आए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से पूर्णता पोलियो मुक्त बनाने का कार्य किया है साथ ही उन्होंने सभी माताओं और बहनों से निवेदन भी किया कि वह टीका अवश्य लगवाएं ताकि माताएं-बहने और उनके बच्चे पूर्ण रूप से स्वस्थ रहें।

ब्लॉक मुय चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मीणा ने बताया कि रविवार को 421 बूथों पर 12893 बच्चो को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई गई। पोलियो जैसी घातक बीमारी से बचाने के उद्देश्य से जन्म से लेकर--5-वर्ष तक के विराटनगर ब्लॉक के लगभग 5० हजार बच्चों को 421 बूथों पर दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाए जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

बुजुर्ग दंपति ने पेड़ लगाया

किशनगढ़ बास। केंद्रीय पर्यावरण वन और जल वायु परिवर्तन मंत्री व अलवर लोकसभा सांसद भूपेन्द्र यादव के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम लगाकर दीर्घायु जीवन की कामना करते बधाई दी है। वार्ड पार्षद तेज़ सिंह सैनी ने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हुए अलवर लोकसभा सांसद भूपेंद्र यादव के जन्मदिन पर व प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर मेरे दादा दादी ने मां के नाम पेड़ लगाकर केंद्रीय मंत्री व संसद भूपेंद्र यादव के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए बधाई दी है । इसी प्रकार भाजपा मंडल महामंत्री मनोज मित्तल ने भूपेंद्र यादव की जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम लगाकर उनके दीर्घायु की कामना की।

बुचारा वन क्षेत्र में माफिया धड़ल्ले से कर रहे अवैध खनन, बांध का अस्तित्व खतरे में

कोटपूतली। भले ही राज्य की भजनलाल सरकार ने कोटपूतली बहरोड़ जिले के बुचारा बांध को ईआरसीपी योजना से जोड़ कर बुचारा बांध के सुखे हलक को ना केवल गीला करने का प्रयास किया है बल्कि यहां पानी की किल्लत को देखते हुए किसानों के लिए एक सफल भागीरथी प्रयास भी किया है। किन्तु जिस बुचारा बांध को सरकार इस बड़ी योजना से जोड़ने के दावे कर रही है।

वह बांध पुरी तरह से खनन माफियाओं से घिरा है, जहाँ खनन माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से अवैध खनन कर भारी मात्रा में पत्थर निकाला जा रहा है। प्रतिदिन लाखों रूपयों के पत्थर की अवैध तस्करी कर खनन व वन विभाग के अधिकारियों से मोटी सांठ-गांठ कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस सम्बंध में समाज सेवी राधेश्याम शुक्लाबास सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति शिकायत करने की कोशिश करता है तो खनन माफियाओं द्वारा जान से मारने की धमकियां दी जाती है। रात्रि के समय में जेसीबी मशीन व डम्फर से अवैध खनन कर परिवहन किया जाता है। खनन माफियाओं की कैम्पर गाड़ी के टायरों के निशान भी साफ देखे जा सकते है। लगातार हो रहे अवैध खनन से ना केवल वन क्षेत्र की पर्यावरण सम्पदा को भी भारी नुकसान पहुंचा है बल्कि अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से वन क्षेत्र खत्म होने की कगार पर है। खनन माफियाओं के हौंसले इस कदर बुलन्द हैं कि बुचारा बांध की सीमाओं में भी लगातार खनन कर उसे नुकसान पहुंचाया जा रहा है। राष्ट्रदूत ने विगत गहलोत सरकार के कार्यकाल में भी "बुचारा बांध की लुटती अस्मत बचा लो हे सरकार के नाम शिर्षक से खबर प्रकाशित कर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया था। जिसके बाद पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने उक्त बुचारा बांध क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर तुरन्त प्रभाव से बांध क्षेत्र में ना केवल रोक लगा दी थी। बल्कि पुलिस के जवान भी तैनात कर दिए थे। जिसके बाद कुछ समय तक खनन माफिया भले ही सख्ते में आ गए थे। किन्तु जैसे ही सरकार बदली तो खनन माफियाओं की ऊंची रसुखात व सफेद पॉस नेताओं के हस्तक्षेप के बाद एक बार फिर खनन माफियाओं में खनन व वन विभाग के अधिकारियों से मोटी सांठ-गांठ कर अवैध खनन सुचारू कर दिया। सुत्रों के हवाले से खबरें यहां तक भी हैं कि यदि ऊपर से किसी दबाव के चलते इन विभागों द्वारा बाईचांस कोई कार्यवाही करनी भी पड़ी तो विभाग की कार्यवाही से पूर्व ही विभाग द्वारा ही खनन माफियाओं को सूचित कर दिया जाता है जिसके चलते विभागों की टीम पहुंचने से पहले ही खनन माफिया मैदान छोड़ कर भाग जाते है।

सेवानिवृत्ति पर बी.के. तुलसीराम का सम्मान किया

तुलसीराम ने लेखा एवं कार्यक्रम सहायक के पद पर 40 वर्ष तक सेवाए दी

टोंक। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन शाखा टोंक में बीके तुलसीराम का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी सहित संस्थान से जुड़े भाई बहनों ने बीके तुलसीराम का पुष्पमाला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। गौरतलब है की बीके तुलसीराम पिछले बीस वर्षो से संस्थान में सक्रिय रूप से सेवाएं दे रहे हैं।

हाल ही में इन्होने सरकारी सेवा नेहरू युवा केंद्र संगठन में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक के पद पर चालीस वर्ष आठ माह तक अनवरत् सेवाएं देकर सेवानिवृत्ति ली। ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र टोंक प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने कहा की इनका सेवा केंद्र से जुड़कर तन मन धन समय संकल्प श्वास के साथ सहयोग देते आ रहे हैं, हर कार्य बड़ी धैर्यता और लगन के साथ पूरा करते हैं। आपकी मधुर मुस्कान अनेकों को खुशियों की सौगात देती है। दीदी ने शुभकामना देते हुए कहा आप ऐसे ही सदा परमात्म छत्रछाया में पलते रहे और उमंग उत्साह के साथ समाज सेवा में अपना अमूल्य योगदान देते रहे।

इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा समन्वयक हितेश कुमार ने कहा कि तुलसीराम न केवल हमारे स्टाफ साथी रहे है बल्कि मेरे भाई की तरह अच्छे सहयोगी बनकर पूर्ण ईमानदारी से कार्य किया है। आपका हर कार्य सहरानीय हैं, आपकी कार्य कुशलता के फलस्वरुप यहां रहते हुए मुझे कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। हम आगे भी आपके अनुभव का लाभ लेते रहेंगे।

ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी सहित अन्य ने बी.के. तुलसीराम का पुष्पमाला पहना सम्मान किया।

मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज का निवाई में मंगल प्रवेश

निवाई । सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा जैन मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज संघ का गाजे बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौला एवं राकेश संघी ने बताया कि मंगल प्रवेश से पहले मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज संघ सहित सांगानेर के चित्रकूट कालोनी में विराजमान थे। उसके बाद वहां से चातुर्मास का टोंक में करने के लिए मंगल विहार करते हुए चाकसू व गुन्सी विज्ञा तीर्थ होते हुए निवाई पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने पादप्रक्षालन करके अगुवानी की। उन्होंने बताया निपूर्ण नन्दी महाराज वर्ष 2024 का चातुर्मास टोंक में करेंगे। इस दौरान मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज के सानिध्य में टोंक चातुर्मास आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया। विष्णु बोहरा ने बताया कि मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज राधा दामोदर सर्किल से रवाना होकर जैन नसियां मंदिर, बड़ा जैन मंदिर, बिचला जैन मंदिर, बंपुई वालों का चेत्यालय एवं शिवाजी कालोनी पारसनाथ जैन मंदिर के दर्शन कर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अहिंसा सर्किल भगवान महावीर मार्ग होते हुए अठावाल जैन मंदिर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने पादप्रक्षालन करके अगुवानी की। उन्होंने बताया कि अठावाल जैन मंदिर में आचार्य शांतिसागर पब्लिक स्कूल में समर कैंप लगाया गया। जिसका रविवार को मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज ने सानिध्य में समापन समारोह पूर्वक किया गया।

खैरथल, तिजारा जिले के 28 हजार 700 किसानों के खाते में राशि भेजी

खैरथल । खैरथल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय किसान सम्मान निधि की प्रथम किस्त का हस्तान्तरण एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअली 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' का शुभारम्भ कर अलवर व खैरथल के किसानों के खातों में सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से बटन दबाकर हस्तांतरण की गई।

अलवर जिले के 2 लाख 54 हजार 694 किसानों के खातों में प्रथम किस्त की 25 करोड 46 लाख 94 हजार रूपये की राशि व खैरथल तिजारा जिले के 28 हजार 700 किसानों के खाते में करीब 2 करौड 87 लाख की राशि का हस्तान्तरण डीबीटी के माध्यम से बटन दबाकर किया एवं लाभार्थियों से संवाद' किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए फार्म पौण्ड निर्माण हेतु लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन भी किया गया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसानों के उन्नयन एवं विकास हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा देश के किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु पीएम किसान सम्मान योजना संचालित है जिसके तहत किसानों को वार्षिक 6 हजार रूपये की राशि उनके खातों में सीधे ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की जाती है।

- **अलवर व खैरथल तिजारा जिले में मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना शुभारंभ पर हुआ कार्यक्रम आयोजित**

उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने व संबल प्रदान करने हेतु पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों को देय वित्तीय सहायता को प्रति परिवार 6 हजार रूपये से बढाकर 8 हजार रूपये वार्षिक करने हेतु मुख्यमंत्री किसान सम्मान योजना शुरू की गई है। केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार की पहली प्राथमिकता प्रदेश के किसानों के सर्वांगीण विकास है। उन्होंने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ मानी जाती है जिसको अधिक उन्नत बनाने के लिए किसानों को आधुनिक व तकनीकी कृषि की जानकारी कराने का काम किया जा रहा हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की मांग को सर्वोपरि रखते हुए राज्य सरकार द्वारा पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी योजना व शेखावटी क्षेत्रा के लिए यमुना का पानी लाने की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है जिसे शीघ्र ही अमलीजामा पहनाया जाएगा। इससे आमजन को पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ बडी संख्या में किसानों को लाभ पहुंचेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने अलवर जिले की चार महिला बहुउद्देशीय ग्राम सहकारी समिति थाना राजाजी, किशोरी, चांदपुरी व रसूलपुर को राज्य सरकार द्वारा तीन-तीन लाख रूपये हिस्सा राशि का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इस राशि के उपयोग से महिला सहकारी समिति को संबल मिलेगा जिससे इनके द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों में वृद्धि हो सकेगी। इस मौके पर वर्चुअल मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के किसानों से संवाद किया। संवाद के दौरान प्रदेश के किसानों ने राज्य सरकार के द्वारा दिए गए 350 करोड रूपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो हजार रूपये राशि की वृद्धि करने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस राशि के बढाए जाने से बीज खरीदने व अन्य कृषि संबंधित कार्यों में सहूलियत होगी। कार्यक्रम में राज्य के किसानों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश की 21 सहकारी समितियों को कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना हेतु 8 लाख रूपये प्रति समिति को अनुदान दिया गया।

उन्होंने कहा कि किसान अपने क्षेत्र के नजदीक कस्टम हायरिंग केन्द्र के माध्यम से किसान कृषि यंत्र उचित दाम पर प्राप्त कर सकेंगे। केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक देवीदास बैरवा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसान उत्थान की दिशा में "मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" के अन्तर्गत राज्य के पात्र किसानों को प्रति वर्ष दो हजार रुपए की राशि तीन किस्तों में दिए जाने की घोषणा की गई है।